इन्क़िलाबी नज़र
आवाज़ ... आम आदमी की
लखनऊ, शनिवार, 21 जून 2025
वर्ष 17 अंक 285 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ- 12

हज़ार योद्धाओं पर विजय पाना आसान है, लेकिन जो अपने ऊपर विजय पाता है वही सच्चा विजयी है।
- गौतम बुद्ध

तापमान - अधिकतम 35.0°C (-2.4) न्यूनतम 25.0°C(+1.7) सेंसेक्स 82,408.17 (+1046.30) निफ्टी 25,112.40 (+319.15) सोना 1,00,630 चांदी 1,10,000 मुद्रा - डालर 86.57 दिरहम 23.57 रियाल 23.08



# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एरा विवि में पोस्टर प्रदर्शनी आज

- मेडिकल छात्र समझाएंगे बीमारियों में योग का महत्व
- योग दिवस से पूर्व पीजी स्टूडेंट ने मेडिकल साइंस को योग से जोड़ते हुए रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए, डिबेट भी हुई




**लखनऊ (ब्यूरो)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एरा यूनिवर्सिटी में शनिवार को योग सेशन के साथ ही पोस्ट प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी। प्रदर्शनी के माध्यम से मेडिकल छात्र योग का बीमारियों में क्या महत्व है? इसे समझाएंगे। सुबह आठ से नौ बजे तक योग सेशन होगा। इसके बाद पोस्टर प्रेजेंटेशन होगा। योग दिवस से पूर्व यानी शुक्रवार को भी एरा यूनिवर्सिटी में योग दिवस को लेकर दो कार्यक्रम हुए। योग पर एमबीबीएस छात्रों के बीच डिबेट हुई तो वहीं पीजी के छात्रों ने योग का बीमारियों में महत्व और उसे मेडिकल साइंस से जोड़ते रिसर्च पेपर प्रस्तुत किये। इसके साथ ही योग से वृद्धजनों को कैसे ठीक किया जा सकता है, इस पर भी एक वर्कशाप का आयोजन किया गया। इस मौके पर यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. अब्बास अली महदी, एराज लखनऊ मेडिकल कॉलेज एंड हास्पिटल के प्राचार्य डॉ. जमाल मसूद, पैथोलॉजी विभाग की एचओडी प्रो. निरुपमा लाल, साइकोलॉजी विभाग की एचओडी प्रो. सीमा सिंह समेत कई डॉक्टर और बड़ी संख्या में स्टूडेंट मौजूद रहे।

प्राचार्य प्रो. जमाल मसूद ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व शुक्रवार को एरा में दो कार्यक्रम हुए। इनमें एमबीबीएस छात्रों के बीच योग को लेकर वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई और पीजी छात्रों ने योग पर रिसर्च पेपर प्रस्तुत किये। रिसर्च के जरिये ये बताया गया कि योग का बीमारियों में क्या महत्व है। मेडिकल साइंस को योग से कैसे जोड़ा जा सकता है। योग से वृद्धजनों को कैसे ठीक किया जा सकता है? इन सभी बिंदुओं पर भी पेपर प्रस्तुत किये गये। शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एरा में सुबह आठ से नौ बजे के बीच योग सेशन होगा और इसके बाद पोस्टर प्रेजेंटेशन होगा। पोस्टर के माध्यम से मेडिकल छात्र ये बताने की कोशिश करेंगे कि जीवन में योग का क्या महत्व है। इसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह होग।